ED-2641

B.Sc. (Part-I) Examination, 2021

FOUNDATION COURSE

Paper - I

Hindi Language

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75
[*Minimum Pass Marks* : 26

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई -I

1. (क) निम्नलिखित पल्लवन में से किन्हीं **दो** उक्ति को पल्लवित कीजिए : 8

(*i*) ''सबै दिन जात न एक समान।''

(*ii*) 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा।'

(*iii*) 'चरित्र सर्वोत्तम धन है।'

अथवा

किसी पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए जिसमें आपके पाठ्यक्रम की सभी पुस्तकों को भेजने का आदेश हो।

(ख) ईदगाह कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 7

अथवा

मुंशी प्रेमचन्द की कहानी ईदगाह से आप क्या समझते हैं? उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

इकाई -II

2. (क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **(कोई चार)** 8

(*i*) टेढ़ी खीर

(*ii*) दाँत खट्टे करना

(*iii*) बारह बाँट होना

(*iv*) गुदड़ी का लाल

(*v*) कमर कसना

(*vi*) अंधे की लाठी

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : **(कोई चार)**

(*i*) युद्ध क्षेत्र में हताहत सैनिकों के लिए रक्त भेजने का प्रबन्ध है।

(*ii*) मैंने लिख चुका था।

(*iii*) पुस्तक को, जहाँ से ली थी, वहीं रख दो।

(*iv*) चीनी सैनिकों ने खूँखार अस्त्र-शस्त्र से हमला किया।

(*v*) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी।

(*vi*) महादेवी विद्वान महिला थीं।

(ख) 'भारत वंदना' कविता में निहित कवि के सन्देश को स्पष्ट कीजिए। 7

अथवा

सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला द्वारा रचित 'भारत वंदना' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

इकाई -III

3. (क) देवनागरी लिपि के नामकरण पर प्रकाश डालते हुए देवनागरी लिपि की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 8

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखते हुए सारांश लिखिए :

गुरू से ज्ञान प्राप्त करने के केवल तीन उपाय हैं — नम्रता, जिज्ञासा और सेवा। इनमें नम्रता का स्थान प्रथम है। अत: एक आदर्श विद्यार्थी को विनम्र होना चाहिए। नम्रता के साथ-साथ उसे अनुशासन प्रिय भी होना चाहिए। जो विद्यार्थी अनुशासनहीन होते हैं, वे अपने देश, अपनी जाति, अपने माता-पिता, अपने गुरूजन, अपने कॉलेज के लिए अप्रतिष्ठाकारक होते हैं। अनुशासनहीन छात्र का न तो मानसिक विकास होता है और न बौद्धिक ही, वह उन गुणों से सदैव-सदैव के लिए वंचित हो जाता है जो मनुष्य को प्रतिष्ठा के पद पर आसीन करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन का

विशेष महत्व है। अनुशासित छात्र ही आदर्श विद्यार्थी की श्रेणी में आ सकता है। आज के युग का छात्र अनुशासनहीनता दिखाने में अपना गौरव समझता है, इसलिए देश में सभ्य नागरिकों का अभाव-सा होता चला जा रहा है, क्योंकि आज का विद्यार्थी ही कल का नागरिक बनता है।

(ख) 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य में भोला का जीव फाइलों में किन कारणों से अटका पड़ा है? स्पष्ट कीजिए। 7

अथवा

हरिशंकर परसाई द्वारा रचित 'भोलाराम का जीव' एक व्यंग्य रचना है, महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डालिए।

इकाई -IV

4. (क) कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी से आप क्या समझते हैं? जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता लिखिए। 8

अथवा

जन् सामान्य के लिए सूचना प्रौद्योगिकी क्यों आवश्यक है? वर्णन कीजिए।

(ख) 'शिकागो से स्वामी विवेकानन्द का पत्र' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 7

अथवा

भारत में शिक्षा प्रसार के लिए स्वामी विवेकानन्द जी ने किन उपायों को सुझाया है, स्पष्ट कीजिए।

इकाई -V

5. (क) मानक भाषा का स्वरूप एवं लक्षणों को स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

मानक, अमानक और उपमानक भाषा को समझाइए।

(ख) सामाजिक गतिशीलता से आप क्या समझते हैं? अर्थ, परिभाषा को स्पष्ट करते हुए विशेषताएँ लिखिए। 7

अथवा

आधुनिक काल में सामाजिक गतिशीलता व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित करता है ? लिखिए।